एक नजर में

नमस्ते दिवस पर नप ने किया सफाई मित्रों का सम्मान

बुधनी. नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम के तहत मंगलवार को नगर परिषद में नमस्ते दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सीवर एवं सेफ्टी टैंक से जुड़े कार्यों में लगे सफाई मित्रों का सम्मान किया गया. साथ ही कार्य के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उन्हें पीपीई किट भी वितरित की गई. इस अवसर पर स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय ने कहा कि सफाई मित्र शहर की स्वच्छता व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं. उन्होंने सभी सफाई मित्रों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए करने का आह्वान किया. कार्यक्रम में नपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, पार्षद प्रभात भदौरिया, सीएमओ डॉ. प्रशांत जैन सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

जनसुनवाई में 96 आवेदकों ने सुनाईं समस्याएं

सीहोर. मंगलवार को जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिलेभर से आए 96 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. जनसुनवाई में अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

पौधारोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

बुधनी. पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से भारती विद्या मंदिर में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया. अभियान में विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रबंधन ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे एवं बीज रोपे. इस दौरान विद्यार्थियों ने एक पेड़ एक जीवन और हरियाली ही खुशहाली जैसे संदेशों के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया. प्रबंधन ने विद्यार्थियों से अपने घरों एवं आसपास पौधे लगाने और उनकी जिम्मेदारीपूर्वक देखभाल करने का आह्वान किया.

शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

आष्टा. वार्ड 15 स्थित मुखर्जी ग्राउंड गांधी कॉलेज के समीप शासकीय भूमि एवं रास्ते पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर स्थानीय भूमि धारकों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा. आवेदन में शेख अशफाक, शेख हारूण, शेख वशिक, शेख अतीक, शेख आफताब, राम साहू, संजय सिंगी एवं शेख लईक सहित अन्य आवेदकों ने बताया कि उनकी निजी भूमि के समीप स्थित शासकीय रास्ते पर लोगों द्वारा कच्ची टापरियां बनाकर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है. जिससे शासकीय मार्ग बाधित हो रहा है तथा क्षेत्र का वातावरण भी प्रभावित हो रहा है. आवेदनकर्ताओं ने शासकीय भूमि से शीघ्र अतिक्रमण हटाने की मांग की है.

मुस्लिम समुदाय ने की स्लॉटर हाउस शुरू कराने की मांग

सीहोर. जिले के मुस्लिम समुदाय के जनप्रतिनिधियों एवं कुरैशी समाज के लोगों ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार अमित सिंह को सौंपा. ज्ञापन में पिछले तीन माह से बंद पड़े स्लॉटर हाउस को पुन: शुरू कराने की मांग की गई. ज्ञापन में बताया कि मीट विक्रेताओं के लिए संचालित एकमात्र स्लॉटर हाउस बंद कर दिया गया है. इसके चलते कुरैशी समाज के लोग अपनी मीट की दुकानें संचालित नहीं कर पा रहे हैं, जिससे करीब सैकड़ों परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है. समुदाय के प्रतिनिधियों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो इन परिवारों के सामने आर्थिक परेशानियां और अधिक बढ़ जाएंगी. ज्ञापन के माध्यम से शासन से समय रहते उचित व्यवस्था कर स्लॉटर हाउस को पुन: संचालित कराने की मांग की गई. ज्ञापन सौंपने वालों में मोहिद भाई, रईस भाई, पप्पू भाई, शफीक मियां, सईद भाई, सेराज, मस्तान, अरमान, इ तयाज, नावेद, अमीर मंसूरी, तनवीर, अमन आदि शामिल थे.

मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, महिला की मौत

धान रोपाई के लिए पिकअप से जा रहे थे मजदूर, 40 मजदूर थे सवार, तीस को आई चोट, गंभीर रेफर

- बुधनी तहसील के ग्राम भैसान के समीप हुआ सड़क हादसा
- घायलों में महिलाओं के अलावा बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल

नवभारत न्यूज

सीहोर/ बुधनी 14 जुलाई. जिले की बुधनी तहसील के ग्राम भैसान के पास मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. धान रोपाई के लिए जा रहे मजदूरों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे में एक महिला मजदूर की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक लोग घायल हो गए. घायलों में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और नाबालिग भी शामिल हैं. सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण, पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया. सभी घायलों को तत्काल एंबुलेंस और अन्य वाहनों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया. गंभीर रूप से घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया.

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन में 40 से अधिक मजदूर सवार थे. प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि वाहन में क्षमता से कहीं अधिक लोगों को बैठाया गया था. रास्ते में चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और पिकअप पलट गई. हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई. कई मजदूर वाहन के नीचे दब गए, जिन्हें स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था संभाली और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की.

इस हादसे के बाद परिवहन विभाग और पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं.लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से ओवरलोड पिकअप वाहनों का संचालन हो रहा है, जिसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी है, लेकिन नियमित जांच और सख्त कार्रवाई के अभाव में वाहन संचालकों के हौसले बुलंद हैं. लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाता और ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाया जाता, तो इस दर्दनाक हादसे से बचा जा सकता था.

पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. प्रशासन हादसे के कारणों, वाहन की फिटनेस, चालक की लापरवाही और ओवरलोडिंग के पहलुओं की जांच कर रहा है. इस घटना ने एक बार फिर विभागों द्वारा बरती जा रही लापरवाही को उजागर कर दिया है.

सीहोर. पिकअप पलटने से उसके नीचे कई मजदूर दब गए थे. वहां से गुजर रहे राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों ने पिकअप को सीधा करते हुए उसके नीचे दबे मजदूरों को बाहर निकाला.

प्रतिबंध के बाद भी मालवाहक वाहन में बैठाते सवारी

धान रोपाई के मौसम में बुधनी, रेहटी, चकल्दी, लाड़कुई और आसपास के आदिवासी क्षेत्रों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में खेतिहर मजदूरों को मालवाहक पिकअप वाहनों में भरकर खेतों तक ले जाया जाता है. परिवहन नियमों के अनुसार मालवाहक वाहनों में यात्रियों को बैठाना प्रतिबंधित है, लेकिन इसके बावजूद खुलेआम क्षमता से कई गुना अधिक लोगों को बैठाकर सफर कराया जाता है. स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति हर साल देखने को मिलती है, लेकिन संबंधित विभाग और प्रशासन की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण यह खतरनाक व्यवस्था लगातार जारी है।

टायर फटने से पलटे ट्रक में लगी आग

सीहोर. इछावर मार्ग पर मंगलवार को बड़ा सड़क हादसा टल गया. सीमेंट लेकर इछावर जा रहा एक ट्रक अगला टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे के बाद ट्रक में आग लग गई, जिसे फायर ब्रिगेड ने समय रहते बुझा दिया.घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई. प्राप्त जानकारी के अनुसार चालक रवि सीमेंट से भरा ट्रक लेकर सीहोर से इछावर की ओर जा रहा था. जैसे ही ट्रक भाऊखेड़ी जोड़ स्थित संस्कार स्कूल के पास पहुंचा, अचानक उसका अगला टायर तेज धमाके के साथ फट गया. टायर फटने से चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक सड़क पर पलट गया. ट्रक पलटते ही उसमें से धुएं का गुबार उठने लगा और कुछ ही देर में आग भड़क गई. घटना देखकर राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस एवं दमकल विभाग को सूचना दी. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया.

विकास कार्यों के लिए सीएम से मिले राय

नवभारत न्यूज

सीहोर 14 जुलाई. बुधवार को विधायक सुदेश राय ने सीएम डॉ मोहन यादव से भेंट वार्ता की. उन्होंने मुख्यमंत्री को विधानसभा क्षेत्र में जारी जनहितैषी विकास कार्यों और आगामी विकास योजना की जानकारी दी.

विधायक सुदेश राय ने शहरी और ग्रामीण अंचलों में प्रस्तावित विकास योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति और धनराशि आवंटन को लेकर भी मुख्यमंत्री से चर्चा की. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विधायक सुदेश राय के द्वारा रखे गए जनहितैषी निर्माण कार्य योजनाओं को शीघ्र ही प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया. इस दौरान सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि जनता की सुविधाओं के लिए होने वाले निर्माण कार्यों में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी.

लाखों की लागत का कचरा घर आग की भेंट चढ़ा

- कचराघर के बाहर पड़े कचरे में अज्ञात व्यक्ति ने लगाई थी आग
- पूर्व में भी यहां कई बार हो चुके हैं आगजनी के मामले

नवभारत न्यूज

सीहोर 14 जुलाई. हरदौल लाला मंदिर के सामने नपा द्वारा लाखों रुपये की लागत से निर्मित कचरा घर मंगलवार सुबह आग की चपेट में आ गया. आग लगने से कचरा घर को नुकसान पहुंचा . दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका.

थाना कोतवाली के समीप हरदौल मंदिर के सामने स्थित कचरा घर में मंगलवार सुबह अचानक आग लग गई. देखते ही देखते आग ने पूरे कचरा घर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वहां रखा कचरा और अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई. उठते धुएं के कारण आसपास के लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा.

लोगों के अनुसार सोमवार शाम एक व्यवसायी द्वारा कचरा घर के बाहर बड़ी मात्रा में कचरा एवं वेस्ट मटेरियल डाल दिया गया था. लोगों का कहना है कि कचरा घर के भीतर कचरा डालने की व्यवस्था होने के बावजूद बाहर कचरा फेंका गया. मंगलवार सुबह इस कचरे के ढेर में आग लग गई, जिसने पूरे ढांचे को अपनी चपेट में ले लिया. दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका. सीएमओ सुधीर कुमार ने बताया कि कचरा फैंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

राजमार्ग के बाद सर्विस रोड भी बदहाली की भेंट चढ़ी

- ओवर ब्रिज के नीचे सर्विस लेन बना हादसों का कारण
- बारिश का पानी गड्ढों में भरा रहने से राहगीर होते परेशान

नवभारत न्यूज

बुधनी 14 जुलाई. हाल ही में **नवभारत** द्वारा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग की जर्जर सड़क और गडरिया नाले फ्लाईओवर की बदहाल स्थिति को प्रकाशित किया गया था.अब शाहगंज जाने वाले सर्विस रोड की खस्ताहाल स्थिति भी सवालों के घेरे में आ गई है. स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य मार्ग के साथ-साथ सर्विस रोड की भी लंबे समय से अनदेखी की जा रही है. सर्विस रोड पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं और डामर पूरी तरह उखड़ चुका है. गड्ढों में पानी भर जाने से उ दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है. दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

शाहगंज को भोपाल से जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग दहोटा घाट के घने जंगलों से होकर गुजरता है. एनएच-46 बी से दोनों ओर जुड़े इस मार्ग पर प्रतिदिन छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही रहती है. लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के बाद संबंधित विभाग और एजेंसी ने सर्विस रोड के रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण आज इसकी हालत बद से बदतर हो गई है.

यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का किया स्वागत

नवभारत न्यूज

सीहोर 14 जुलाई. बाबा अमरनाथ सेवा मंडल के तत्वावधान में अमरनाथ यात्रा संपन्न कर 55 श्रद्धालुओं का पहला जत्था मंगलवार को शहर लौटा.

मंडल के सदस्य रामभरोस यादव ने बताया कि श्रद्धालुओं का यह जत्था 3 जुलाई को मालवा ट्रेन से सीहोर से रवाना हुआ था. इस धार्मिक यात्रा में सभी श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया. बाबा अमरनाथ के दर्शन के बाद सभी श्रद्धालु माता वैष्णो देवी के दरबार भी पहुंचे और माता का आशीर्वाद प्राप्त किया. यात्रा कर लौटे सभी 55 श्रद्धालुओं का मंगलवार को रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया गया. हिंदू संगठन, सामाजिक संगठन, राजनैतिक दलों के पदाधिकारी और श्रद्धालुओं के परिजन रेलवे स्टेशन पहुंचे थे.

डाककर्मियों ने किया हड़ताल का एलान

नवभारत न्यूज

सीहोर 14 जुलाई. डाक कर्मचारी महासंघ ने डाक विभाग के निजीकरण और लंबित मांगों के विरोध में राष्ट्रव्यापी आंदोलन की घोषणा की है.

आंदोलन के तहत 20 जुलाई से चरणबद्ध कार्यक्रम शुरू होंगे, 5 अगस्त को सांकेतिक हड़ताल. मांगें पूरी नहीं होने पर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी गई है. महासंघ द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार 20 से 27 जुलाई तक कर्मचारी काली पट्टी बांधकर ड्यूटी करेंगे. इसके बाद 28 जुलाई को सभी मंडलीय कार्यालयों पर लंच अवकाश के दौरान प्रदर्शन किया जाएगा. 5 अगस्त को सांकेतिक हड़ताल आयोजित की जाएगी. यदि इसके बाद भी मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया, तो 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी गई है.

खाद्य पदार्थों में मिलावट पर करें कार्रवाई : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

सीहोर 14 जुलाई. कलेक्टर बालागुरू के ने कृषि, खाद्य, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की बैठक लेकर समीक्षा की. उन्होंने कहा कि सभी कार्यों में समयबद्धता, पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए. कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को समय पर एवं शत-प्रतिशत राशन प्रदान किया जाए. साथ ही सभी हितग्राहियों की ई-केवाईसी भी शीघ्र पूर्ण कराई जाए. कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने डीएपी, एनपीके सहित सभी उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने तथा किसानों को ई-विकास पोर्टल से जारी टोकन के आधार पर ही उर्वरक वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति व्यापक जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए. खाद्य सुरक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए अधिकारी खाद्य दुकानों का नियमित निरीक्षण करें और अनियमितताएं पाए जाने पर कार्रवाई करें. इसके साथ ही ऐसे मामलों में लगाए गए जुर्माने की समय पर वसूली भी की जाए. मेडिकल स्टोर्स एवं औषधि प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा नकली, अमानक अथवा एक्सपायरी दवाओं के विक्रय पर सख्त कार्रवाई की जाए. साथ ही आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए.

बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया.

अपराध | बीते कई दिनों से अनेक मंदिरों को चोर बना चुके हैं निशाना, भक्तों में आक्रोश का माहौल

भगवान के घर चोरी करने वाले को समिति सदस्यों ने पकड़ा

नवभारत न्यूज

सीहोर 14 जुलाई. पुलिस की गश्त व्यवस्था को चुनौती देते हुए चोर धड़ल्ले से वारदातों को अंजाम दे रहे हैं. चोरों की करतूतों से भगवान के मंदिर भी अछूते नहीं हैं. सोमवार को बस स्टैंड स्थित गीता भवन प्रांगण के मंदिर से चोर भगवान की चांदी की माला ले उड़े. समिति सदस्यों ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखने के बाद खुद चोर को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया.

शहर में चोरी की वारदातों में बाढ़ सी आई है. हाल ही में आराकश मोहल्ले के शिव मंदिर में चोर ने दानपेटी में रखी राशि पर हाथ साफ कर दिए थे. इसके अलावा पूर्व में भी इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर, करौली माता मंदिर, मठ मंदिर व अन्य मंदिरों में चोरी की वारदात घटित हो चुकी हैं. इसके अलावा हाल ही में छावनी के जैन मंदिर में भी सोने का छत्र व दीपक चुराने वाले मंदिर के कर्मचारी को मंदिर समिति के सदस्यों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया था. मंदिरों में चोरी की वारदात में सोमवार को एक और कड़ी जुड़ गई.

शहर के बस स्टैंड के समीप गीता मानस भवन प्रांगण में स्थित मंदिर से सोमवार को चोर भगवान के गले से चांदी की माला चुरा ले गया था. चोरी का पता चलने पर समिति द्वारा सीसीटवी फुटैज चैक किए गए तो उसमें एक व्यक्ति माला चोरी करके ले जाता नजर आया. समिति सदस्यों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने चोर को दबोचकर जब उससे पूछताछ की तो उसने मंदिर से चांदी की माला चुराना स्वीकार किया. इतना ही नहीं उसने वर्ष 23 में भी इसी मंदिर से चांदी की बांसूरी चुराने की बात भी कबूली. पुलिस के हत्थे चढ़े चोर का नाम लाल मस्जिद चौराहा निवासी इफ्तखार खान बताया जाता है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए उससे अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ शुरू कर दी है.

लूट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

सीहोर. कोतवाली पुलिस ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र में राहगीर से मारपीट कर बैग, मोबाईल और नकदी लूटने के दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त कर ली है, जबकि फरार तीसरे आरोपी की तलाश जारी है. आरोपियों ने 11 जुलाई को रेलवे स्टेशन के समीप गुना जिले के अनिल कुशवाह के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया था. पुलिस ने इस मामले में पवन सेन निवासी शुगर फैक्ट्री चौराहा तथा संदीप उर्फ रिंकू सेन निवासी बड़ी ग्वाल टोली को गिरफ्तार कर लिया है. जबकि उनके तीसरे साथी की तलाश जारी है.